संख्या-1416/2025/3543/22-2-2023-17(1118)/2023

प्रेषक,

कमलेश कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 26 नवम्बर, 2025

विषय:- जिला कारागार, प्रतापगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अजय मिश्रा पुत्र श्री राजाराम, निवासी जनपद-प्रतापगढ़ की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षक (मु0) के पत्र संख्या-27511/प्रोबे0-5-दया0बैठक-04-08-2023, दिनांक 04.09.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, प्रतापगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अजय मिश्रा पुत्र श्री राजाराम, चौबोली, गोबरी, थाना-अन्तू, जनपद-प्रतापगढ़ का निवासी है। बन्दी द्वारा मुकदमें बाजी रंजिश को लेकर दिनांक 23-10-2011 को 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर 01 व्यक्ति की हत्या कारित की गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-152/2012, भा0द0वि0 की धारा-302/34 व 4/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मा० न्यायालय, विशेष/ अपर सत्र न्यायाधीश, प्रतापगढ़ के दण्डादेश दिनांक 06.06.2016 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। जिसकी अपील मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ में लम्बित है। बन्दी द्वारा दिनांक 15.02.2023 तक अपरिहार 11 वर्ष 03 माह, 14 दिन तथा सपरिहार 13 वर्ष, 04 माह 03 दिन की सजा भोगी गयी है।

3- भारत के संविधान के अनुछेद-161 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दियों अथवा उनके परिजन द्वारा प्रस्तुत दयायाचिकाओं के निस्तारण हेतु प्रक्रिया निर्धारित करते हुए निर्गत शासनादेश संख्या-660/22-2-2005-17(346)/92, दिनांक 13.04.2005 में प्राविधानित बिन्दुओं पर सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक/जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति प्राप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ द्वारा अपनी आख्या में अंकित किया गया है कि बन्दी द्वारा किया गया हत्या जैसा जघन्य अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने की पूर्ण सम्भावना होने, पुनः अपराध कारित किये जा सकने व जेल में आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, सामाजिक व आर्थिक स्थिति समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने के दृष्टिगत समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, प्रतापगढ द्वारा पुलिस अधीक्षक की आख्या से सहमत होते हुए बन्दी ही समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

दयायाचिका समिति की आख्या में उल्लिखित किया गया है कि सिद्धदोष बन्दी अजय मिश्रा पुत्र श्री राजाराम की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के प्रकरण पर समिति द्वारा विचार किया गया। दिनांक 15.02.2023 की जेल रिपोर्ट के अनुसार बन्दी की 42 वर्ष की आयु, बन्दी द्वारा अपरिहार 11 वर्ष , 03 माह 14 दिन की भोगी गयी सजा तथा पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, प्रतापगढ़ द्वारा बन्दी

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नही किये जाने के दृष्टिगत सभी बिन्दुओ पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की जाती है।

4- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, प्रतापगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अजय मिश्रा (बन्दी संख्या-108/2016) पुत्र श्री राजाराम, निवासी जनपद-प्रतापगढ़ की भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
कमलेश कुमार
उप सचिव।

संख्या-1416/2025/3543(1)/22-2-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, प्रतापगढ़।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, प्रतापगढ़।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।